# जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा

दिनांकः 19.11.2022

## शपथ-ग्रहण समारोह

आज दिनांक 19.11.2022 को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में छात्र संघ कार्यालय एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगरीय विकास एवं आवासन विभाग राजस्थान सरकार जयपुर के कैबिनेट मंत्री श्रीमान शांति कुमार जी धारीवाल मुख्य अतिथि रहे।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्रीमान अमित धारीवाल वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रमुख समाज सेवी, सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा कोटा से श्री रघुराज परिहार, शिवकांत नंदवाना एवं कांग्रेस कार्यकर्ता जफर मोहम्मद रहे।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा छात्रसंघ कार्यालय का उद्धघाटन किया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात वरिष्ठ संकाय सदस्यों तथा छात्रसंघ पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों एवं अभिभावकों को पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय भार्गव ने स्वागत उद्धबोधन में सभी अतिथियों का आत्मिक अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए महाविद्यालय में वर्ष पर्यंत अध्ययन, अध्यापन एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य को स्पष्ट किया। महाविद्यालय की छात्राओं को आर्थिक भार से मुक्ति दिलाने हेतु विभिन्न स्ववित्तपोषित से संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम को राज्य सरकार द्वारा संचालित किए जाने की मांग रखी और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के माध्यम से महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार का पुनरुद्धार, पानी की निकासी की उचित व्यवस्था एवं अन्य कई रखरखाव संबंधित समस्याओं के निदान की मांग महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास और NAAC मूल्यांकन में अच्छा ग्रेड पाने हेतु रखी ।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा सभी छात्रसंघ के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई और अतिथि महोदय द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई। छात्रासंघ अध्यक्ष सुश्री अंजलि मीणा ने अतिथियों का स्वागत अभिनंदन करते हुए मुख्य अतिथि के सरल सोम्य व्यवहार व दूसरों को मदद करते देख उनका अनुकरण करने की ठानी। सुश्री अंजलि ने छात्रावास की समस्या को महाविद्यालय विकास समिति द्वारा दूर करने को कहा । महाविद्यालय में संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम को स्ववित्तपोषित मद से राजकीय मद में करने को कहा। महाविद्यालय की मुख्य समस्याएं जैसे मुख्य द्वार के जीर्णोद्धार, पानी के निकास और चुनाव कार्य में भवन को अधिकृत नहीं करने का आग्रह किया। महाविद्यालय को हरित परिसर और खेल आदि सुविधाओं उपलब्ध कराने हेतु आग्रह किया । श्री

अमित जी धारीवाल, श्याम जी जादौन और हर्ष मेहरा आदि के विभिन्न कार्य में सहयोग प्रदान करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया ।

आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शांति कुमार जी धारीवाल ने महाविद्यालय के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व प्राचार्य को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आज के विशेष दिन महिला शक्ति श्रीमती इंदिरा गांधी व लक्ष्मी देवी चुड़ावत के जन्मदिन पर आमंत्रित करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए उत्साहित किया । अपने उद्बोधन में महाविद्यालय की सभी समस्याओं को दुरुस्त कर महाविद्यालय को NAAC में अच्छा ग्रेड प्राप्त करने में अपने योगदान देने को आश्वस्त किया एवं वित्त पोषित पाठ्यक्रमों को सरकारी कर युवाओं को अगले बजट में फायदा दिलाने पर सरकार के धनात्मक रवैयें को स्पष्ट किया । उन्होंने महाविद्यालय के सभी कार्यों को समय पर पूर्ण करने को आश्वस्त किया और साथ ही पदाधिकारियों को अपना कर्तव्य पूरा करते हुए अपने जिम्मेदारियों को पूर्ण करने को कहा ।

कार्यक्रम के अन्त में, छात्र परामर्शदाता डॉ. सरस्वती अग्रवाल ने मुख्य अतिथि श्री शान्ति कुमार धारीवाल जी तथा विभिन्न महाविद्यालय से आमंत्रित प्राचार्यगणों, अभिभावकगणों, अन्य अतिथिगणों, प्रेस मीडिया आदि से आये हुए महानुभावों को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं मंत्री महोदय को सभी माँगों को पूर्ण कर महाविद्यालय के विकास में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. स्मृति जौहरी, सह आचार्य ने किया।



सुवालका, नरेश विजय उपस्थित   और फिर से कांग्रेस सरकार बनाएगी।

## यूडीएच मंत्री धारीवाल ने जेडीबी कॉलेज छात्रासंघ पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

संदेश न्यूज। कोटा.

स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में बालिकाओं को सस्ती व सुलभ शिक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है, 5 हजार नामांकन वाले विद्यालयों को कन्या महाविद्यालय में क्रमोन्नत किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाला बजट युवाओं पर केंद्रित होगा, जिसमें शिक्षा, खेल एवं कौशल विकास के लिए युवा को अनेक तौहफे मिल सकेंगे।

धारीवाल शनिवार को राजकीय जानकीदेवी बजाज कन्या विज्ञान महाविद्यालय के छात्रसंघ शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं लेकर आई है। बालिकाओं को सस्ती सुलभ शिक्षा मिले इसके लिए अनेक महाविद्यालय खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि जेडीबी कॉलेज 65 सालों से बालिका शिक्षा के क्षेत्र में संभाग में अग्रणी है, इसका वैभव हमेशा बना रहे। नेट के मूल्यांकन में ए-ग्रेड मिल सके, इसके लिए समन्वित प्रयास किए जाएं। उन्होंने कॉलेज छात्रसंघ पदाधिकारियों को आव्हान किया वे छात्राओं की समस्याओं के निराकरण के लिए मिलकर कार्य करें तथा कॉलेज का सम्मान बढाने के लिए पद प्रयास करें। उन्होंने कॉलेज प्रशासन तथा छात्रसंघ पदाधिकारियों की मांग पर जेडीबी कॉलेज में फुटपाथ निर्माण, अन्य आवश्यक मरम्मत कार्य करवाने तथा पानी की पुख्ता निवासी के लिए नाला निर्माण की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रयास किया जाएगा कि महाविद्यालय में खाली जमीन पर बालिकाओं के खेल सुविधाओं के लिए खेल मैदान का निर्माण कराया जाए। उन्होंने बालिका छात्रावास में आवश्यक सुविधाओं के लिए भी राज्य सरकार के स्तर पर पहल करने का भरोसा दिलाया। कॉलेज प्राचार्य डॉ संजय भार्गव ने महाविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सेल्फ फाइनेंस स्कीम में संचालित संकायों को राजकीय स्तर से शुरू करने, नेट मूल्यांकन के लिए कॉलेज परिसर में आवयश्क निर्माण कार्य करवाने, कॉलेज भवन के अंदर पानी निकासी के लिए स्थाई समाधान करवाने के संबंध में अवगत कराया। छात्रसंघ अध्यक्ष अंजली मीणा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कॉलेज में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के संबंध में अतिथियों के समक्ष विचार रखें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वायत्त शासन मंत्री ने छात्र संघ कार्यालय का फीता काटकर उदघाटन किया तथा पदाधिकारियों छात्रसंघ अध्यक्ष अंजनी मीणा, महासचिव मुस्कान राठौर, उपाध्यक्ष महिमा पालीवाल, संयुक्त सचिव सेलिन पहाड़िया को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। पदाधिकारियों के परिजनों का भी सम्मान किया गया।

समारोह में समाजसेवी अमित धारीवाल, शिवकांत नंदवाना, डॉ. जफर मोहम्मद, सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा रघुराज परिहार, व्याख्याता निमेश कुमार, धर्मसिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं कॉलेज छात्राएं उपस्थित रहीं। संचालय डॉ.स्मृति जौहरी ने किया, छात्रसंघ परामर्शदाता डॉ सरस्वती अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



### यूडीएच मंत्री ने जेडीबी कॉलेज छात्रासंघ पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

## सरकार बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत

नवज्योति/कोटा

स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में बालिकाओं को सस्ती व सुलभ शिक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है, 5 हजार नामांकन वाले विद्यालयों को कन्या महाविद्यालय में क्रमोन्नत किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाला बजट युवाओं पर केंद्रित होगा जिसमें शिक्षा, खेल एवं कौशल विकास के लिए युवा को अनेक तौहफे मिल सकेंगे।

स्वायत्त शासन मंत्री शनिवार को राजकीय जानकीदेवी बजाज कन्या विज्ञान महाविद्यालय के छात्रसंघ शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जेडीबी कॉलेज 65 सालों से बालिका शिक्षा के क्षेत्र में संभाग में अग्रणी है, इसका वैभव हमेशा बना रहे नेट के मूल्यांकन में ए-ग्रेड मिल सके इसके लिए समन्वित प्रयास किये जाए उन्होंने कॉलेज छात्रसंघ पदाधिकारियों को आव्हान किया वे छात्राओं की समस्याओं के निराकरण के लिए मिलकर कार्य करें तथा कॉलेज का सम्मान बढाने के लिए पद प्रयास करें। उन्होंने कॉलेज प्रशासन तथा छात्रसंघ पदाधिकारियों की मांग पर जेडीबी कॉलेज में फुटपाथ निर्माण, अन्य आवश्यक मरम्मत कार्य करवाने तथा पानी की पुख्ता निवासी के लिए नाला निर्माण की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि प्रयास किया जा[redacted] कि महाविद्यालय में खाली जमीन [redacted] बालिकाओं के खेल सुविधाओं के [redacted] खेल मैदान का निर्माण कराया जाए। कॉलेज प्राचार्य डॉ संजय भार्गव ने महाविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सेल्फ फाइनेंस स्कीम में संचालित संकायों को राजकीय स्तर से शुरू करने, नेट मूल्यांकन के लिए कॉलेज परिसर में आवयश्क निर्माण कार्य करवाने, कॉलेज भवन के अंदर पानी निकासी के लिए स्थाई समाधान करवाने के संबंध में अवगत कराया।

छात्रसंघ अध्यक्ष अंजली मीणा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कॉलेज में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के संबंध में अतिथियों के समक्ष विचार रखें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वायत्त शासन मंत्री ने छात्र संघ कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा पदाधिकारियों छात्रसंघ अध्यक्ष अंजनी मीणा, महासचिव मुस्कान राठौर, उपाध्यक्ष महिमा पालीवाल, संयुक्त सचिव सेलिन पहाड़िया को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। पदाधिकारियों के परिजनों का भी सम्मान किया गया।

समारोह में समाजसेवी अमित धारीवाल, शिवकांत नंदवाना, डॉ. जफर मोहम्मद, सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा रघुराज परिहार, व्याख्याता निमेश कुमार, धर्मसिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं कॉलेज छात्राएं उपस्थित रहीं। संचालय डॉ.स्मृति जौहरी व छात्रसंघ परामर्शदाता डॉ. सरस्वती अग्रवाल ने किया।

# जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा

दिनांकः 16.11.2022

दिनांक 16.12.2022 को जुम्बा एवं एरोबिक्स कार्यशाला का आयोजन जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा में किया गया। जेपी कट एंड कर्व फिटनेस की डायरेक्टर वैशाली त्रिवेदी एवं श्वेता चतुर्वेदी ने छात्राओं को संगीत के साथ जुम्बा एवं एरोबिक्स करवाया। छात्रा परामर्शदाता डॉ. सरस्वती अग्रवाल ने बताया की व्यायाम व स्वास्थ्य कार्यशाला में भाग लेने से मानसिक तनाव कम होता है। प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने कहा कि ऐसी गतिविधियों से छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। श्री विरेन्द्र सिंह ने किशोर सागर तालाब पर होंने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी। जूम्बा ट्रेनर किरण मीणा, दीपक पोरवाल, आयुष व अर्पित ने छात्राओं को अनेक व्यायाम बताए। छात्राओं के साथ छात्रासंघ अध्यक्ष सुश्री अंजलि मीणा एवं महाविद्यालय के सह व सहायक आचार्य भी मौजूद रहे।

## छात्राओं को सिखाया जुम्बा व एरोबिक्स



### जेडीबी साइंस कॉलेज में फिटनेस कार्यशाला

**नवज्योति/कोटा।** जेडीबी साइंस कॉलेज में छात्रसंघ के तत्वावधान में शुक्रवार को जुम्बा व एरोबिक्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। छात्रसंघ अध्यक्ष अंजलि मीणा ने बताया कि जेपी कट एंड कर्व फिटनेस की डायरेक्टर वैशाली द्विवेदी एवं श्वेता चतुर्वेदी ने छात्राओं को जुम्बा एवं एरोबिक्स कराया। अध्यक्ष अंजलि ने बताया कि स्वास्थ्य कार्यशाला में भाग लेने से मानसिक तनाव कम होता है। वहीं, मोटापा घटने के साथ शरीर एनेजेटिक रहता है। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्राओं के साथ व्याखाताओं ने भी भाग लिया। इधर, वैशाली ने फिटनेस को लेकर छात्राओं को प्रोत्साहित किया। जेपी के वीरेंद्र सिंह ने बताया कि 18 दिसंबर को किशोर सागर पाल पर आयोजित होने वाले फिटनेस प्रोग्राम की जानकारी दी। इस दौरान जुम्बा ट्रेनर किरण मीना, दीपक जोरावल, आयुष, अर्पित सहित कई छात्राएं मौजूद रहीं।

# जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा

दिनांकः 12.10.2022

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा मे दिनांक 12.10.2022 को छात्रासंघ एवं सांस्कृतिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रासंघ अध्यक्ष सुश्री अंजली मीणा व कार्यकारिणी ने बताया की सभी छात्राए इस प्रतियोगिता के प्रति बहुत उत्साहित है। छात्राओं ने हाथो पर मेहंदी बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान पर संजना मेघवाल बीएससी प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर सपना झा बीएससी तृतीय वर्ष एवं तृतीय स्थान पर शिवानी कुमारी बीएससी प्रथम वर्ष रही। डॉ. रेखा कालानी व डॉ. सरिता खण्डेलवाल निर्णायक गण रहे। प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी। छात्रापरामर्श दाता डॉ. सरस्वती अग्रवाल, डॉ. जागृति मीणा सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ. स्मृति जौहरी, डॉ. अन्नु बंशीवाल एवं महाविद्यालय के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।






# जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा

दिनांकः 08.10.2022

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा में छात्रासंघ के तत्वावधान में दिनांक 08.10.2022 को गरबा नृत्य का रंगारंग कार्यक्रम आयोजन किया गया। सभी छात्राए विभिन्न आकर्षक वेशभूषा एवं पहनावे में आई तथा त्योहार अनुरूप गरबा नृत्य में सम्मिलित हुई। मुख्य अतिथि डॉ. संजय भार्गव ने सभी को शुभकामनाऐं प्रेषित की। छात्रासंघ अध्यक्ष अंजलि मीणा, मुस्कान राठौर, महिमा पालीवाल एवं सेलिन पहाडीया ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। छात्रासंघ परामर्शदाता डॉ. सरस्वती अग्रवाल ने सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। आरूषि राठौर व हर्षिता जैन को बेस्ट डांस व प्रिया चाहर व दीपाली को बेस्ट ड्रेस के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्रीमती उमंग भार्गव, नीना भटनागर एवं बरखा जोशी निर्णायकगण रहें। महाविद्यालय के सह एवं सहायक आचार्य ने उपस्थित रहकर गरबा नृत्य में भागिदारी दी।

## विजेता प्रतिभागियों का किया सम्मान

**नवज्योति/कोटा।** शरद पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर रविवार को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्रसंघ कार्यकारिणी की ओर से गरबा एवं डांडिया रास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।



छात्रसंघ अध्यक्ष अंजलि मीणा ने बताया कि मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ संजय भार्गव रहे। प्रतियोगिताओं के निर्णायक दल में उमंग भार्गव, नीना भटनागर एवं बरखा जोशी शामिल रहे। प्रतियोगिताओं में बेस्ट डांस अवार्ड के लिए आरुषि राठौड़ व हर्षिता जैन तथा बेस्ट ड्रेस अवार्ड के लिए प्रिया चाहर व दीपाली को चुना गया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर महिमा पालीवाल, मुस्कान राठौर, सेलिन पहाड़िया समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

# जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा

दिनांकः 04.03.2023

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा में दिनांक 04.03.2023 को छात्रासंघ कार्यकारणी, छात्राए एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा फागोत्सव मनाया गया। छात्रासंघ अध्यक्ष अंजलि मीणा, मुस्कान राठौर, महिमा पालीवाल, सेलिन पहाडीया एवं सभी छात्राओं ने एक–दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाऐ दी। इसके साथ ही अंताक्षरी, म्यूजिकल चेयर एवं गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। छात्राओं ने इस पर्व पर हर्बल रंगो से होली खेलने व पानी की बचत करने का संदेश दिया। महाविद्यालय शिक्षको ने भी इस महोत्सव में भाग लिया।



हाड़ौती की आवाज

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने मनवाया होली का त्यौहार

Saturday , 04-03-2023

कोटा

(राजेश खोईवाल) जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय की छात्रासंघ अध्यक्ष अंजलि मीणा के नेतृत्व में होली का त्योहार मनाया गया, अंजलि मीणा ने बताया कि कार्यक्रम में छात्राओं ने काफी आनंद के साथ होली का त्योहार मनाया एवम् कालेज के समस्त प्रोफेसर ने भी भाग लिया एवं छात्राओं को विभिन्न प्रकार के खेल जैसे अंताक्षरी, म्यूज़िकल चेयर आदि गेम्स खेलें, एवं छात्राओं को पक्के रंग से होली ना खेलने का सन्देश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महासचिव सेलिन पहाड़ियां, संयुक्त सचिव मुस्कान राठौर ने अहम भूमिका निभाई।



दैनिक नवज्योति

Kota City - 05 Mar 2023 - Page 6

कॉलेजों में चंग की थाप होलिया में उड़ी रे गुलाल

नवज्योति/कोटा। होली में अभी दो दिन शेष हैं लेकिन गुलाल का रंग अभी से ही फिजां में बिखने लगा है। कॉलेजों में होली की मस्ती व हुडदंग का दौर अभी से ही शुरू हो गया है। कोटा यूनिवर्सिटी व जेडीबी कॉलेज में विद्यार्थियों ने शनिवार को जमकर होली खेली। एक-दूसरे को रंगों में रंग पर्व की बधाई दी।

**जेडीबी में होली की धूम** : जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्रसंघ अध्यक्ष अंजलि मीणा के नेतृत्व में रंगों का पर्व मनाया। छात्राओं ने एक-दूसरे के साथ जमकर होली खेली। साथ ही अंताक्षरी, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगताओं का भी आयोजन किया। छात्रसंघ अध्यक्ष अंजली ने बताया कि महोत्सव में कॉलेज शिक्षकों ने भी भाग लिया। छात्राओं ने पर्व पर हर्बल रंगों से होली खेलने व पानी की बचत करने का संदेश दिया। इस दौरान महासचिव सेलिन पहाड़िया, संयुक्त सचिव मुस्कान राठौर सहित कई छात्राएं मौजूद रहीं।

**इधर, कोटा यूनिवर्सिटी में उड़े गुलाल** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोटा विश्वविद्यालय इकाई द्वारा यूनिवर्सिटी में होली महोत्सव मनाया गया। छात्रों ने जमकर गुलाल हवा में उड़ाई और सहपाठियों को रंग लगाकर पर्व की बधाई दी। इस दौरान इकाई अध्यक्ष रोहिताश मीणा, विशाल सुमन, जितेश मीणा सहित विद्यार्थी मौजूद थे।



दैनिक भास्कर

कोटा 05-03-2023

## कोटा विवि और जेडीबी में स्टूडेंट्स ने खेली होली

कोटा | कोटा यूनिवर्सिटी और जेडीबी कॉलेज में शनिवार को स्टूडेंट्स से जमकर होली खेली। यूनिवर्सिटी कैंप्स में छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान शिक्षकों को भी रंग लगाया। कोटा विवि के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पिंकेश मीना, एबीवीपी इकाई अध्यक्ष रोहिताश कुमार मीणा और जेडीबी कॉलेज की छात्रासंघ अध्यक्ष अंजलि मीना ने बताया कि 7 तक अवकाश है। इसलिए होली से पूर्व आयोजन किया।

**आरटीयू के स्टार्टअप ने लगाई स्टॉल** : आरटीयू के इनोवेशन एवं इनक्यूबेशन सेंटर के अंतर्गत चलने वाले स्टार्टअप के लिए एमएसएमई आयोजकों द्वारा 5 स्टाल आवंटित की गई। इसमें फाइनल ईयर मैकेनिकल के छात्र रोनित नागर द्वारा ओपस एप विकसित किया। जोकि विभिन्न इवेंट्स में सर्विस देने वाले छोटे-मोटे सर्विस प्रोवाइडर को एक मंच पर लाएगा।

जेडीबी में होली खेलती छात्राएं

कोटा विवि में होली खेलते स्टूडेंट्स

SANJAY BHARGAVA

Digitally signed by SANJAY BHARGAVA
Date: 2023.05.13 14:20:58 +05'30'